महत्वपूर्ण/विशेष ध्यानाकर्षण

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र
की संस्थाएं।

पत्रांकः—प्राशिप/परिषद/2020/ 5250 लखनऊःदिनांक— 31-10-2020

विषयः— विषम सेमेस्टर परीक्षा—2021 के संबंध में विभिन्न कार्यवाहियों हेतु संशोधित शैक्षिक कैलेण्डर के निर्धारण के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप/परिषद/2020/4392 दिनांक 07—10—2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा, फरवरी—2021 हेतु परिषद द्वारा परीक्षा के संचालन के संबंध में प्रकिया/शैक्षिक कैलेण्डर का निर्धारण करते हुए अग्रेतर कार्यवाही हेतु सूचना प्रेषित की गयी थी।

ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अपने पत्र संख्या AICTE Approved Institutes/Universities दिनांक 15—10—2020 द्वारा संशोधित शैक्षिक कैलेण्डर निर्गत करते हुए नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के प्रवेश की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2020 निर्धारित की गयी है।

ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा निर्गत संशोधित शैक्षिक कैलेण्डर एवं तत्कम में निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर के पत्र पृ0 संख्या 29418—19/ई—117—छैः—13 (JEEC) दिनांक 27—10—2020 के अनुकम में परिषद द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा—2021 हेतु संशोधित शैक्षिक कैलेण्डर पत्र के साथ संलग्न करते हुए निर्देशित किया जाता है कि शैक्षिक कैलेण्डर में अंकित कार्य योजना हेतु निर्धारित कार्यावधि का अक्षरशः पालन करना अनिवार्य होगा।

उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

संलग्नकः—उपरोक्तानुसार।

भवदीया,
31/10/20
(रश्मि सोनकर)
संयुक्त सचिव,
कृतेसचिव

पृ0सं0— प्राशिप/परिषद/2020/ 5251-54 तद्दिनांक— 31-10-2020
प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन को विशेष सचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस निर्देश के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्था प्रधानाचार्य को अपने स्तर से उपरोक्तानुसार निर्देशित करना चाहें।

31/10/20
(रश्मि सोनकर)
संयुक्त सचिव,
कृतेसचिव

विषम सेमेस्टर परीक्षा 2020–21 हेतु निर्धारित समय–सारणी

क्रमांक	कार्य विवरण	निर्धारित समयावधि
1	विषम सेमेस्टर (पठन पाठन एवं अन्य क्रियाकलाप)	15 अक्टूबर से 20 फरवरी तक
2.	नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं हेतु नामांकन आवेदन पत्र	15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक
3.	परीक्षाफार्म भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की तिथि (प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) एवं विशेष बैक पेपर परीक्षा	15 जनवरी से 31 जनवरी तक
4.	ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से भरे गये आवेदन पत्रों के आधार पर अनुक्रमांक आवंटन सहित नामावली ऑनलाइन जारी करने की तिथि	01 फरवरी से 08 फरवरी तक
5.	ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि	21 फरवरी से 25 फरवरी तक
6.	सेशनल अंको की ऑनलाइन फीडिंग प्रक्रिया	15 फरवरी से 28 फरवरी तक
7.	प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम (परीक्षा क्रियान्वयन एवं ऑनलाइन फीडिंग)	21 फरवरी से 05 मार्च तक
8.	सैद्धान्तिक परीक्षा	08 मार्च से 27 मार्च तक

*ए0आई0सी0टी0ई0, नई दिल्ली के पत्र संख्या AICTE/AB/ Academic Calendar/ 2020-21 दिनांक 15–10–2020 द्वारा निर्गत संशोधित अधिसूचना के द्वारा प्रवेश की अंतिम तिथि दिनांक 30–11–2020 निर्धारित की गयी है। ए0आई0सी0टी0ई0 के नवीन निर्देश के अनुसार प्रवेश की अंतिम तिथि 30–11–2020 होने के परिप्रेक्ष्य में निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर द्वारा अपने पत्र पृ0सं0 29418–19/ई–117–छैः–13 (JEEC) दिनांक 27–10–2020 द्वारा प्रथम वर्ष की कक्षाएं दिनांक 15–11–2020 से प्रारंभ किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

परिषद विनियमावली–2016 (प्रथम संशोधन) के विनियम–3 (क) में वर्णित शैक्षिक कैलेण्डर के अनुसार प्रत्येक सेमेस्टर में न्यूनतम 90 प्रभावी शैक्षणिक दिन होने का प्राविधान है। 15 अक्टूबर 2020 से 20 फरवरी 2021 तक विषम सेमेस्टर में लगभग 31 सार्वजनिक अवकाश (रविवार सहित) हैं, और 93 प्रभावी शैक्षणिक दिन की कक्षाएं संपादित होंगी। कोविड–19 से सुरक्षा के दृष्टिगत ऑनलाइन/ऑफलाइन कक्षाएं कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके फलस्वरूप पूर्वान्ह 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक शिक्षण–प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है।

31/10/2020

(रश्मि सोनकर)
संयुक्त सचिव,
कृते सचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ

E:\academic calendar 2020-21 ...docx